# जनता ने विकास व सुशासन को दिया समर्थन: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न विधानसभा चुनावों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रभावी और प्रचंड जीत पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों की स्पष्ट स्वीकृति कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को इस ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार की विकास नीतियों का लाभ अब पश्चिम बंगाल को भी मिलेगा और वह दिल्ली की तरह विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी की जीत पर दिल्ली सचिवालय में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस जीत का उत्सव मनाया, सभी ने एक-दूसरे को झालमुड़ी और रोशोगुल्ल खिलाकर खुशी साझा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी देश की जनता विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में इसी प्रकार अपना समर्थन देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश के बदलते मनोभाव का प्रतीक है। अब देश की जनता झूठे नारों, भ्रम फैलाने वाली राजनीति और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के खोखले दावों से ऊपर उठकर ठोस विकास, पारदर्शिता और परिणाम आधारित शासन को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को व्यवहार में उतारा है, जिसका असर आज हर राज्य और हर वर्ग में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

## जाफरपुर कलां गोलीकांड को लेकर देवेंद्र यादव ने पीड़ित परिवार से मिल जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को जाफरपुर कलां पहुंचकर बिहार निवासी पांडव कुमार और उनके मित्र के परिजनों से मुलाकात की तथा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।देवेंद्र यादव ने घटना को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि राजधानी में इस प्रकार की घटना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल द्वारा केवल "बिहारी" शब्द सुनकर गोली चलाना बेहद भयावह है और यह समाज में भय का वातावरण पैदा करता है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और न्याय के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यादव ने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके राज्य या वर्ग के आधार पर नहीं की जानी चाहिए और ऐसी घटनाएं दिल्ली की छवि को धूमिल करती हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ-साथ "मिनी भारत" है, जहां हर प्रदेश और वर्ग के लोग रहते हैं और शहर के विकास में अपना योगदान देते हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार से आए श्रमिकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि इनके बिना दिल्ली के विकास की कल्पना अधूरी है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा प्रदान करने वाली पुलिस ही इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त होगी तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

# रेलवे संकेत प्रणाली को किया जाएगा आधुनिक

**■ रेलवे परियोजना के तहत विभिन्न स्टेशनों, ऑटो हट्स व रिले हट्स पर फ्यूज ऑटो चेंजओवर सिस्टम लगाएगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के संचालन को अधिक सुचारु बनाने के लिए संकेत प्रणाली (सिग्नलिंग सिस्टम) को आधुनिक बनाया जाएगा।

इसके तहत सिग्नलिंग नेटवर्क को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा। इससे किसी भी तरह की तकनीकी खराबी के दौरान सिस्टम को तुरंत सक्रिय हो सकेगा और ट्रेनों की लेटलतीफी में भी कमी आएगी। उत्तर रेलवे लगातार अपने नेटवर्क को डिजिटल और स्वचालित बनाने की दिशा में काम कर रहा है। यह परियोजना उसी कड़ी का हिस्सा है। जिसमें तकनीक के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने और दुर्घटनाओं को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। अब इन आधुनिक उपकरणों से ट्रेनों का संचालन ज्यादा सुरक्षित होगा।

रेलवे परियोजना के तहत विभिन्न स्टेशनों, ऑटो हट्स और रिले हट्स पर फ्यूज ऑटो चेंजओवर सिस्टम लगाएगा। यह सिस्टम सिग्नलिंग में इस्तेमाल होने वाले फ्यूज के खराब होने पर अपने आप दूसरे फ्यूज पर स्विच कर जाएगा। इससे सिग्नलिंग में कोई बाधा नहीं आएगी। अक्सर देखा जाता है कि फ्यूज खराब होने पर सिग्नलिंग सिस्टम ठप हो जाता है। फिर ट्रेनों को रोकना पड़ता है और देरी होती है।

नई व्यवस्था में सिग्नलिंग मेंटेनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एमएमएमएस) के लिए डेटा एंट्री डिवाइस भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत कर्मचारियों को टैबलेट और लैपटॉप दिए जाएंगे। सिग्नलिंग सिस्टम की निगरानी और डेटा रिकॉर्डिंग ऑनलाइन की जा सकेगी। इस डिजिटल व्यवस्था से रेलवे को रियल टाइम में जानकारी मिलेगी कि किस स्थान पर क्या समस्या है और उसे तुरंत ठीक किया जा सकेगा।

## मां व दो घरेलू सहायिकाओं को बचाने के बाद खुद की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तड़के पौने चार बजे इमारत के सभी लोग गहरी नींद में थे तभी शिखा की आंख खुली तो उन्होंने देखा कि घर में धमाका हुआ है और आग लग गई है।

उन्होंने फौरन एक-एक कर घर के सभी लोगों को जगाया। इस बीच उन्होंने घर में मौजूद दोनों नौकरानियों को बाहर निकलने के लिए कहा। शिखा ने ही घर का दरवाजा खोला। शिखा ने चिल्लाकर बिल्डिंग के लोगों को जगाने का भी प्रयास किया, लेकिन सभी गहरी नींद में थे जिसकी वजह से कोई जगा नहीं। इस बीच शिखा की दोनों नौकरानियां बाहर निकल गईं। पति नवीन के साथ मिलकर अपने बुजुर्ग पिता अरुण जैन को शिखा ने सीढ़ियों से नीचे उतार दिया।

इस बीच आग ने फ्लैट के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। नवीन भागे-भागे पड़ोसियों के पास पहुंचे। और वहां से गद्दे ले आए। उन्हें लगा कि शायद गद्दे कुछ काम आएंगे। शिखा की मां अंदर ही मौजूद थीं। शिखा उनको बचाने में लगी रहीं। नवीन ऊपर पहुंचे और इमारत की साइड में लगे खिड़की के कांच को तोड़ दिया। नवीन ने नीचे गद्दे पहले ही डाले हुए थे।

## चार मामलों में शामिल ड्रग सप्लायर को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने एक ड्रग सप्लायर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से तीन किलोग्राम गांजा बरामद किया है।आरोपी पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 2 मई को एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) के एएसआई मंजीत को एक खास जानकारी मिली कि नांगली विहार एक्सटेंशन में रहने वाला एक व्यक्ति, गीतांजलि एन्क्लेव, टिकरी में एक कमरे में गांजा छिपाकर रखता है, और वह उस दिन उस जगह पर आने वाला है। इसके बाद एसीपी ऑपरेशन वीरेंद्र दलाल की देखरेख में इंस्पेक्टर,विक्रम सांगवान के नेतृत्व में टीम ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर, मुखबिर के साथ मिलकर गीतांजलि एन्क्लेव में छापा मारकर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पार्टी की जीत पर दिल्ली सचिवालय में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस जीत का जश्न मनाते हुए।**

## एक नजर

### कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की पेशकश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने फिनटेक प्लेटफॉर्म पेयू के साथ मिलकर कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के लिए तीन भरोसेमंद संगठन एक साथ आए हैं, जो उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण की अपनी साझा विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत के उपभोक्ताओं के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

यह पहल उपयोगकर्ताओं को सहायक एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर अपने फिंगरप्रिंट या फेस आईडी का उपयोग करके लेनदेन को प्रमाणित करने की अनुमति देती है, जिससे वन-टाइम पासवर्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

### गर्मी में दिल के रोगी बरतें सावधानी: डॉ कालरा



**नई दिल्ली।** गर्मी का मौसम अपने रंग में आ गया है ऐसे में दिल के मरीजों को खास देखभाल की जरूरत होती है। इसलिए दिल के मरीजों को चाहिए कि वे तेज गर्मी में दिल को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त पानी पीकर डिहाइड्रेशन से बचें, हल्का भोजन करें, और दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें। इसके अलावा, ढीले सूती कपड़े पहनें, बार-बार पानी पिएं। इस बारे में कालरा हॉस्पिटल कीर्ति नगर के डायरेक्टर एवं दिल के प्रसिद्ध डॉक्टर आरएन कालरा ने कहा कि प्यास लगने का इंतजार न करें, पूरे दिन पानी पीते रहें। शरीर को ठंडा रखने के लिए नींबू पानी या नारियल पानी भी ले सकते हैं। डॉ कालरा ने बताया कि तला-भुना और भारी भोजन कम खाएं। हल्का और पौष्टिक आहार लें जो आसानी से पच सके। दोपहर के समय बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर ढकें, धूप का चश्मा पहनें और ढीले कपड़े पहनें। अपने डॉक्टर से बात करके गर्मी के लिए अपनी दवाओं (जैसे डाययुरेटिक्स) में बदलाव के बारे में पूछें।

### बकाया भुगतान विवाद सुलझाने को दिया दो माह का समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने श्री गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के स्टाफ के बकाया भुगतान से जुड़े मामले के समाधान के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को दो महीने का समय दिया है। यह जानकारी कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने दी।

सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत में दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि अदालत ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में प्रयास तेज करने को कहा है। महासचिव काहलों ने न्यायालय के समक्ष बकाया बढ़ने के कारणों और पूर्व प्रबंधन की भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया, जिसे अदालत ने ध्यानपूर्वक सुना। कमेटी की ओर से यह भी बताया गया कि अब तक कई भुगतान किए जा चुके हैं और शेष बकाया चुकाने की मंशा स्पष्ट है। वर्तमान में 919 कर्मचारियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सहयोग दिया है, जबकि शेष कर्मचारी भी जल्द जुड़ने की संभावना है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी सहयोग की उम्मीद जताई गई है।

### जटिल रीढ़ विकृतियों के इलाज में नई उम्मीद

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में गंभीर व जटिल रीढ़ विकृतियों से जूझ रहे मरीजों का आपरेशन करने के लिए उन्नत सर्जिकल तकनीक विकसित की है। इसने जटिल रीढ़ विकृतियों से जूझ रहे मरीजों के उपचार में नई दिशा दी है। एम्स की इस तकनीक ने विश्वस्तर पर सभी का ध्यान आकर्षित कर भारत को एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में मजबूत पहचान दिलाई है। एम्स के रीढ़ शल्य चिकित्सा एवं हड्डी रोग विभाग (स्पाइन सर्जरी-आर्थोपेडिक्स) के विशेषज्ञ प्रो. डा. भावुक गर्ग के नेतृत्व में विकसित इस सर्जिकल तकनीक को चिकित्सा जगत में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। एम्स विशेषज्ञों ने का दावा है कि इस तकनीक ने उन मरीजों को राहत दी है, जिनके लिए पहले सर्जरी अत्यधिक जोखिम भरी मानी जाती थी और उपचार के विकल्प सीमित थे।

## पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र स्थित कंज्यूमर टेक्नोलॉजी कंपनी ओटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने स्मार्ट और आसानी से उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की रेंज को बढ़ाते हुए भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। हाल ही में आयोजित एक ब्रांड शोकेस में कंपनी ने अपने नए उत्पादों की श्रृंखला पेश की। इस मौके पर प्रसिद्ध अभिनेता राकेश बेदी भी मौजूद रहे, जिन्हें हाल ही में धुरंधर में जमील्ह जमाली के किरदार के लिए देश-विदेश में सराहना मिल रही है। प्रशांत बोरा और रितेश ब्रह्मेचा के पास एक दशक से अधिक का अनुभव है।

# महापौर ने पूठ खुर्द का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**■ वार्ड की समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में करने का आश्वासन दिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर प्रवेश वाही ने स्वच्छता के प्रति गंभीरता दिखाते हुए निरीक्षण की श्रृंखला में आज वार्ड नंबर-29 पूठ खुर्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

महापौर ने ग्रामीणों द्वारा किए गए स्वागत से गदगद होकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्रीमती अंजू देवी,मनोनीत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष भाजपा विनोद सहरावत,अतिरिक्त आयुक्त संजीव कुमार मित्तल,नरेला क्षेत्र के उपायुक्त रघुवेंद्र मीणा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रवेश वाही ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के साथ वार्तालाप कर उनकी समस्याएं सुनी। महापौर ने ग्रामोदय अभियान के अंतर्गत दिल्ली देहात के गांवों के विकास के लिए जारी किए गए फंड के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं उपराज्यपाल का धन्यवाद किया। प्रवेश वाही ने कहा कि गलियों का निर्माण कार्य अतिशीघ्रता से पूरा किया जाए और अगर कोई समस्या है तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के अंदर कर दिया जाएगा लेकिन अगर समस्या दूर नहीं हुई तो मैं अगले हफ्ते फिर से निरीक्षण करूंगा। अधिकारियों ने बचे हुए निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूरा करने का वादा किया। माननीय महापौर ने बरवाला स्थित निगम विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय प्रांगण की चारदीवारी को ठीक करने के भी निर्देश दिए।

## शेफ का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास : सुम्बुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के जरिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी जिंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है।

कहानी आगे बढ़ते हुए अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है।

उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है, और जब सेट पर उन्हें प्रोफेशनल शेफ की किचन जैसी जगह मिली तो यह उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि जैसा था। यह शानदार सेटअप उनके लिए एक छोटा-सा आशियाना बन गया, जहाँ वह अपने जुनून और अभिनय को एक साथ जोड़ सकीं, जिससे पूरा अनुभव और भी रोमांचक और जीवंत हो गया।



**महापौर प्रवेश वाही पूठ खुर्द का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए।**

## बीएचयू परिवार समागम का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के नॉर्थ कैंपस स्थित टैगोर हॉल में सोमवार को "बीएचयू परिवार समागम" का आयोजन किया गया। "एक रिश्ता, एक पहचान, एक परिवार" की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पूर्व छात्रों, शिक्षाविदों, अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएचयू परिवार को एक मंच पर लाकर आपसी संवाद को मजबूत करना तथा सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा करना था। समागम के दौरान महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के



आदर्शों एवं उनकी राष्ट्रवादी सोच को भी याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिट इंडिया एंबेसडर एवं आईआरएस अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव रहे, जो वर्तमान में जीएसटी विभाग में अपर निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं। फिटनेस केवल व्यक्तिगत आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार भी है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम, अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की।

# थलपति विजय को जीत पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अभिनेता से राजनेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर की प्रचंड चुनावी जीत के बाद, सामाजिक उद्यमी एवं अखिल सेवक समाज काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक डॉ. भार्गव मल्लप्पा ने उन्हें बधाई दी और इस जनादेश को "आकांक्षा आधारित राजनीति और जनता के निर्णायक बदलाव" का प्रतीक बताया है। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में प्रमुख शक्ति के रूप में उभरते हुए 234 सदस्यीय विधानसभा में 100 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाई है। यह परिणाम लंबे समय से चले आ रहे द्रविड़ मुनेत्र कषगमख्रअखिल भारतीय अन्ना



द्रविड़ मुनेत्र कषगम के द्विध्रुवीय राजनीतिक ढांचे से एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। नतीजे यह संकेत देते हैं कि मतदाताओं ने शासन सुधार और युवाओं की भागीदारी पर केंद्रित नई राजनीतिक सोच को समर्थन दिया है। परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लप्पा ने कहा कि यह फैसला केवल सरकार बदलने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, "यह जवाबदेही और भविष्य को ध्यान में रखकर नेतृत्व चुनने का जनादेश है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि लोग नई सोच पर भरोसा करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते उसमें विश्वसनीयता और जुड़ाव हो।

## तरूण चुघ के नेतृत्व में निकाला बंगाल विजय जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर निकाला बंगाल विजय जुलूस।

स्वंय ढपली बजाते प्रसन्नचित तरूण चुघ के नेतृत्व में वीरेन्द्र सचदेवा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता गाजे बाजे के बीच भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और विजय जुलूस लेकर वहां से राष्ट्रीय कार्यालय विस्तार तक गये और दीनदयाल उपाध्याय उपवन से घूमते हुए भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय वापस पहुंचा।

# इस साल अब तक आग से गई 45 लोगों की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े के अनुसार वर्ष 2024 में आग से 113 मौतें हुई, जो 2025 में घटकर 76 रह गई। वर्ष 2026 में 3 मई तक 45 लोगों की जान जा चुकी है और 200 से अधिक लोग झुलस चुके हैं। रोहिणी और पालम जैसे हादसे इस खतरे की जमीनी हकीकत दिखाते हैं।

15 अप्रैल का वो खौफनाक दिन जब रोहिणी के बुध विहार इलाके में आग की घटना ने लोगों का दिल झकझोर कर रखा दिया था। यहां झुग्गियों में आग लगी थी और पति-पत्नी के साथ उनकी तीन साल की बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई। 18 मार्च की सुबह जब दिल्ली के पालम इलाके में लोग नींद से जाग ही रहे थे, तभी चार मंजिला इमारत आग रूपी काल के मुंह में समा रही थी। इस भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के 9 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सामान्य दिनों में फायर ब्रिगेड को रोजाना औसतन 80-90 फायर कॉल मिलती हैं, लेकिन अप्रैल में 140 पहुंच गई थी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के विरोध में समाजवादी पार्टी का धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी ने जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट की नेतृत्व में बिजली विभाग द्वारा जबरन लगाए जा रहे श्स्मार्ट प्रीपेड मीटरोंश के खिलाफ सैकड़ो समाजवादी साथियों के साथ जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ मिलकर जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आम जनता को हो रही गंभीर आर्थिक और मानसिक परेशानियों को दूर करने की मांग की गई। पुराने मीटरों की तुलना में स्मार्ट मीटरों की रीडिंग अत्यधिक तेज है,



जिससे उपभोक्ताओं के बिल दोगुने से तिगुने आ रहे हैं। यह आम आदमी की जेब पर सीधी डकैती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जनता का खून चूसने का काम कर रही है रिचार्ज होने के बावजूद सर्वर की तकनीकी समस्याओं के कारण बिजली काट दी जाती है, जिससे गरीब, किसान और मजदूर वर्ग अंधेरे में रहने को मजबूर है। उपभोक्ताओं की बिना सहमति के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विरोध करने पर बिजली विभाग के कर्मचारी जनता को डरा-धमका रहे हैं। मोदीनगर, निवाड़ी सहित गाजियाबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं और स्थानीय नागरिक सड़कों पर उतरकर इस श्जनविरोधीश अभियान का विरोध कर रहे हैं। जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, उन्हें हटाकर पुनः पुराने बिल आधारित मीटर स्थापित किए जाएं।स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही आर्थिक लूट को बंद किया जाए। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि इन समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो पार्टी आम जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन एवं प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग पूर्व महापौर प्रत्याशी सिकंदर यादव पूर्व विधायक के के शर्मा वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट राष्ट्रीय जिला पंचायत सदस्य विकास यादव महासचिव युजन सभा अमन यादव महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष राज देवी चौधरी हाजी आसिफ चौधरी पूर्व पार्षद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ताहिर हुसैन महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष नरेश बत्रा महानगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष दुर्गेश चौधरी महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया छात्र सभा पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष त्यागी प्रदेश सचिव बाबा साहब वाहिनी पूनम सिंह महानगर सचिव अनुष्का शर्मा यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी अल्पसंख्यक सभा महानगर अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास रामनरेश यादव आरिफ कस्सार निसार कस्सर राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# पटवारी से सांठगांठ कर बंजर जमीन पर कब्जे का आरोप

■ **अधिशासी अधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इस बंजर जमीन पर खरीद विक्रय न करने के लिए सूचना बोर्ड लगाने के आदेश दिए थे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** वार्ड नंबर 35 के पार्षद प्रधान गुलजार अल्वी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को एक पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके वार्ड 35 में स्थित आर्य नगर ग्राम धरोटी खुर्द में पड़ी बंजर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और लोगों को बेचा जा रहा है।

आरोप है कि 600000 रुपए लेकर स्थानीय पटवारी ने भूमाफियाओं से सांठगांठ कर ली है। इस संबंध में जब पूर्व में नगर पालिका परिषद लोनी को पत्र देकर अवगत कराया गया था। तो अधिशासी अधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इस बंजर जमीन पर खरीद विक्रय न करने के लिए सूचना बोर्ड लगाने के आदेश दिए थे, लेकिन आदेश होने के बावजूद भी उक्त बंजर भूमि पर ना तो कोई बोर्ड लगाया गया है और न हीं कब्जाधारी भूमाफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है।

# मुकतेश मोहन बने अखिल भारतीय ब्रह्म महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर निवासी युवा समाजसेवी मुकतेश मोहन शर्मा को अखिल भारतीय ब्रह्म महासभा का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है, मुकतेश का मनोनयन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं श्रीभगवान पाराशर ने किया है, मनोनयन पत्र में उनसे अपेक्षा की गयी है कि वे संगठन के नियमो पर चलते हुए प्रचार व विस्तार हेतु निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। मुकतेश के पिता श्री कुंज बिहारी शर्मा एक सरकारी विभाग के बड़े पद से सेवनिवृत अधिकारी है व वर्तमान में समाजसेवा के कार्य में लगातार प्रयासरत रहते है!अपने मनोनयन



पर मुकतेश ने संगठन का आभार जताया व सदैव संगठन के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया, उनके मनोनयन पर क्षेत्र के ब्राह्मण समाज से प्रबुद्ध लोगो ने प्रसन्नता जतायी!

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मिठाई खिलाकर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पश्चिम बंगाल असम पांडिचेरी में बंपर व ऐतिहासिक जीत की खुशी में मिठाई खाते खिलाते बांटते हुए एक दूसरे को बधाइयां दी। केरल तमिलनाडु में भी सीट बढ़ने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व नरेंद्र मोदी अमित शाह सुनील बंसल प्रभारी भूपेंद्र यादव सहित सभी भाजपा नेताओं को बंगाल से और आतंक खत्म करने तथा बंगाल में सुशासन लाने के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय पार्षद प्रदीप चौधरी पार्षदपति प्रवीण भाटी रि आईएएस ओमवीर वीरवाल जिला संरक्षक संदीप त्यागी रसम रितेश शर्मा संजय शर्मा आशु पाठक आदि ने एकत्र होकर खुशी मनाई।

# स्मार्ट मीटर को लेकर मुरादनगर वासी हुवे परेशान!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में मुरादनगर क्षेत्र की कई महिलाओं ने बिजलीघर पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुराने मीटर बहाल करने और बिलों की जांच कराने की मांग की। उनका कहना था कि बिना स्पष्ट जानकारी और सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए समस्या बन रहे हैं। मामले की सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी ई.एस.पी. यादव मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रही महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन उपभोक्ताओं को बिल या मीटर को लेकर शिकायत है, उनकी जांच कराकर उचित समाधान किया जाएगा।

ई.एस.पी. यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सटीक बिलिंग के लिए लगाए जा रहे हैं, लेकिन यदि किसी को कोई समस्या है तो विभाग उसे गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करेगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन शांत हो गया।

# मोदीनगर भाजपा संगठन ने तीन राज्यों में जीत का मनाया उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में मोदीनगर शहर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में बस स्टैंड पर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ढोल बजाकर एवं मिठाई वितरण कर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ अपनी खुशी व्यक्त की।

कार्यक्रम में क्षेत्र विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश सिंघल जी, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, जिला महामंत्री देवेंद्र चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला मीडिया संयोजक पिंकी चौधरी सहित



अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा के अलावा मंडल के महामंत्री अमितेज जैन, अनिल सैन, उपाध्यक्ष अमित कराटे, दीपक कर्दम, आशीष कश्यप, दौलत राम जांगिड़, निशा जायसवाल, गोपाल गौतम, मंडल मंत्री सौरभ शर्मा, सुभाष मलिक, कुसुम निगम, दीपांशु मलिक, राकेश कर्दम, कोषाध्यक्ष सागर गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर मोदीनगर में निकाली भव्य शोभायात्रा, हजारों लोग हुए शामिल

**मोदीनगर।** परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर मोदी नगर में एक भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया! शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा जी एमएलसी श्रीश चंद शर्मा जी के साथ विधायक डॉ मंजू शिवास पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर भगवान परशुराम मंदिर सीकरी से किया गया, यात्रा का पुरानी तहसील स्थित परशुराम मंदिर पर जाकर समापन हुआ!

# झुलसती गर्मी में भी गुरु के लंगर की सेवा निरंतर चलती रहेगी: स. हरजीत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रविवार को दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मोदीनगर के तत्वधान में साप्ताहिक लंगर की सेवा छाया पब्लिक स्कूल गोविन्दपुरी पर अरदास करके लंगर सेवा की शुरुआत की गई।

दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के द्वारा शुरू की गई साप्ताहिक लंगर के साथ गर्मी को देखते हुए छबील मीठे शरबत की सेवा भी शुरू की गयी।आसपास के व्यापारी भाईयों ने भी दशमेश परिवार की सेवाओं को देखते हुए साथ सेवा करने का निर्णय लिया है



समाज के हर वर्ग और धर्म से लोग लगातार दशमेश परिवार के साथ जुड़ रहे हैं और निरंतर तन मन धन से अपनी सेवाएं दे रहे हैं ओर बहुत से सामाजिक लोग भी आगे आकर समिति के इस नेक कार्य के लिए दशमेश परिवार के सभी सेवादारों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस बढ़ते हुए परिवार,आपके सबके आशीर्वाद और सहयोग से ही ये सब संभव हो रहा है। आज की सेवा में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे, एवं युवा सेवादार सेवास्थल पर उपस्थित थे।

# घुटनों में दर्द क्यों बढ़ रहा है 40 से पहले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पहले घुटनों में दर्द को बढ़ती उम्र की समस्या माना जाता था, लेकिन अब 30 से 40 वर्ष की उम्र के लोगों में भी घुटनों के दर्द की शिकायत तेजी से बढ़ रही है। लंबे समय तक बैठकर काम करना, बढ़ता वजन, शारीरिक गतिविधि की कमी, गलत एक्सरसाइज तकनीक और पोषण की कमी इसके प्रमुख कारण बनकर सामने आ रहे हैं।

मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के आर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. अखिलेश यादव ने बताया कि आजकल कम उम्र के लोगों में घुटनों के दर्द के मामलों में स्पष्ट बढ़ोतरी देखी जा रही है। खासतौर पर कॉर्पोरेट जॉब करने वाले, घंटों लैपटॉप पर बैठने



वाले, कम चलने-फिरने वाले और तेजी से वजन बढ़ने वाले लोगों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है।

डॉ. यादव के अनुसार, कई युवा बिना विशेषज्ञ सलाह के अचानक हाई- इंटेंसिटी वर्कआउट, गलत तरीके से स्क्वाट्स, दौड़ना या जिम एक्सरसाइज शुरू कर देते हैं, जिससे घुटनों पर चोट या स्ट्रेन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा विटामिन क और कैल्शियम की कमी भी हड्डियों और जोड़ों को कमजोर कर सकती है।

डॉ. अखिलेश यादव ने सलाह दी कि घुटनों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित वॉक करें, वजन नियंत्रित रखें, लंबे समय तक लगातार बैठने से बचें, हर घंटे थोड़ा चलें, सही मुद्रा में बैठें, मांसपेशियों को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज करें और संतुलित आहार लें। उन्होंने कहा कि घुटनों का दर्द अब सिर्फ बुजुर्गों की समस्या नहीं रहा, बल्कि बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहा है। सही समय पर ध्यान देकर इसे रोका जा सकता है।

# भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**मोदीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर मोदीनगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य जश्न लड्डू और झालमोड़ी वितरित करके ढोल नगाड़े की धुन में नाच कर मनाया गया इसमे विधायक डॉ मंजु सिवाच ने कहा की यह जीत बंगाल के उन निष्ठावान संघर्षशील कार्यकर्ताओ की जीत है जिन्होंने कई साल से पार्टी को सत्ता में लाने के लिए संघर्ष किया और आज 2026 में बंगाल में भारतीय जानता पार्टी की पूर्ण बहुमत में सरकार बनी साथ ही भाजपा नेता डॉक्टर पवन सिंघल जी ने कहा कि यह जीत की आम लोगों पे किए गए अत्याचार की जीत आम लोगों जो बंगाल में बेघर हुए लोगों की जीत है।

# एमएमएच कॉलेज और एचएचएल फाउंडेशन के बीच ए.आई शिक्षा हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एम.एम.एच. कॉलेज गाजियाबाद और हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन के मध्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा एवं प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

प्राचार्य प्रोफेसर संजय कुमार सिंह व पंकज सिंह सीईओ हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन देवाशीष दुबे निदेशक हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन तथा गीतांजलि गौर एफसीएसआर हेड, केन्द्रीयाल के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर प्रो. रविन्द्र सिंह यादव, प्रो. सीमा कोहली, प्रो. शालू त्यागी, प्रो. विक्रम सिंह, डॉ. राजपाल



त्यागी, प्रो. पूनम गुप्ता, डॉ. रेनू कुमारी , डॉ. स्वेता यादव उपस्थित रहे। इस एमओयू के तहत एचएचएल फाउंडेशन द्वारा एमएमएच कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और हैंड्स-ऑन मॉड्यूल आयोजित किए जाएंगे। इस साझेदारी का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाना और उद्योग व शिक्षा के बीच की दूरी को कम करना है।

कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा और उन्हें तकनीकी क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। एचएचएल फाउंडेशन ने सभी पृष्ठभूमि के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा सुलभ कराने की प्रतिबद्धता जताई।

यह एमओयू एमएमएच कॉलेज द्वारा पाठ्यक्रम में अत्याधुनिक तकनीक को जोड़ने और छात्रों को इंडस्ट्री 4.0 के लिए तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा

# कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता तथा जीवनरक्षक कौशलों के विकास के उद्देश्य से "क्रिटिकल केयर स्किल्स वर्कशॉप: कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स" विषय पर एक प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई, जिसमें उन्हें चिकित्सा आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया देने, प्राथमिक सहायता प्रदान करने तथा जीवनरक्षक तकनीकों का



व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला की विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य तनिषा रहेजा, बीएलएस इंस्ट्रक्टर एवं मैनेजर ख्र ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (पैन इंडिया), मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड, इंडिया रहीं। उनके आगमन से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। उन्होंने अपने अनुभव, विशेषज्ञता तथा व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्रम का सफल संचालन अंकुर श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा किया गया। उनके कुशल संयोजन एवं प्रभावी संचालन के कारण कार्यक्रम अत्यंत व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो चांसलर विमल कुमार शर्मा, वाइस चांसलर प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार राजीव रतन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन ने इस प्रकार की शैक्षणिक एवं कौशल उन्मुख पहलों को निरंतर प्रोत्साहित किया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की।

# विश्व की सबसे बड़ी शील्ड के लिए भिड़े कराटे खिलाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन लालकुआं स्थित जिंदल पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से किया गया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों के कुल 671 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन अध्यक्ष राजीव मुंडलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले देखने को मिले, जिसमें दिल्ली ने प्रथम स्थान, उत्तर प्रदेश ने द्वितीय स्थान तथा बिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण



16ञ्12 फीट की विश्व की सबसे बड़ी शील्ड रही, जिसे विजेता टीम को प्रदान किया गया। यह शील्ड पूरे आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। जिंदल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो भारत' के सपने को साकार करने हेतु इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कराटे वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विजय कौशिक ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में आचार्य प्रमोद कृष्णम (पीठाधीश्वर, कल्कि धाम), अजीत पाल त्यागी (विधायक, मुरादनगर), संजीव शर्मा (शहर विधायक), डी.पी. यादव (पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री), अनिल अग्रवाल (पूर्व राज्यसभा सांसद), आशु वर्मा (पूर्व मेयर), चौधरी निरपाल सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ), इंद्रजीत सिंह टीटू (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), रविंदर चौहान (प्रदेश महासचिव), रेखा चौधरी (महानगर अध्यक्ष), पियूष चंद्र राय (पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी), नौशाद प्रिंस, आनंद चौधरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# गर्मियों में पेजयल प्रबंधन को लेकर रेखा गुप्ता ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गर्मियों के दौरान पानी के प्रबंधन को लेकर दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पानी से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मियों के दौरान राजधानी में जल प्रबंधन को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। सरकार केवल तात्कालिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक समाधान पर भी समान रूप से कार्य कर रही है ताकि भविष्य में राजधानी को पेयजल संकट से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने चेता. वनी दी है कि लापरवाही बरतने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच राजधानी में नागरिकों को पानी के संकट से बचाने के लिए सरकार ने पेयजल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है। जल आपूर्ति को सुचारु और संतु. लित बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली के सभी जल शोधन संयंत्रों, सोनिया विहार, भागीरथी, चंद्रावल, वजीराबाद, हैदरपुर, नांगलोई, ओखला, बावाना और द्वारका से अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही, हरियाणा के साथ समन्वय स्थापित कर कच्चे पानी में अमो. निया स्तर की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि जल संयंत्रों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही, उन इलाकों की पहचान की गई है जहां जल अभाव है, वहां जल आपूर्ति के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

## महापौर कार्यालय को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर कार्यालय को आज प्रात: एक बार फिर बम विस्फोट की धमकी प्राप्त हुई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लिया।

महापौर कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आज सुबह 09:19 बजे एक अज्ञात स्रोत से ई-मेल के माध्यम से दोपहर 03:11 बजे बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। धमकी की गंभीरता को देखते हुए बिना विलंब किए इस संबंध में दिल्ली पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस द्वारा महापौर कार्यालय परिसर की सघन एवं विस्तृत जांच की गई। जांच प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र को बारीकी से खंगाला गया। इससे पूर्व दिनांक 01 अप्रैल को भी महापौर कार्यालय को इसी प्रकार की धमकी प्राप्त हुई थी। इसके अतिरिक्त, दिल्ली विधानसभा को भी बीते समय में कई बार इस प्रकार की धमकियां मिल चुकी हैं। हाल ही में एक घटना में एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा विधानसभा परिसर का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश करने का प्रयास भी सामने आया था, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।बार-बार मिल रही इन धमकियों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए महापौर कार्यालय द्वारा दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक पत्र प्रेषित कर विस्तृत जांच एवं सख्त कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में उचित कदम उठाए जाएं।

# पारदी गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली पुलिस के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने मध्य प्रदेश के कुख्यात पारदी गैंग के छह सदस्यों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चिराग दिल्ली के पास जहांपनाह फॉरेस्ट में हुई इस गोलीबारी में गिरोह के तीन बदमाश घायल हो गए, जिन्हें एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह गैंग हाल ही में मालवीय नगर में एक व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी और जेवर लूट की वारदात में शामिल था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पारदी गैंग के सदस्य जहांपनाह फॉरेस्ट इलाके में छिपे हुए हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके को घेर लिया। जब पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण करने को कहा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें गिरोह के तीन सदस्य घायल हो गए। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। यह पारदी गैंग कुछ दिन पहले मालवीय नगर में एक व्यापारी के घर में घुसकर लाखों रुपये नकद और कीमती जेवर लूटने की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था।

## चाइनीज मांझे से कटा पांच साल के बच्चे का गला इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** उस्मानपुर इलाके में एक पांच साल के बच्चे की चाइनीज मांझे से गला कटने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के पास एक बच्चे का गला श्चाइनीज मांझेश से कट गया। वह परिवार के साथ साइकिल पर जा रहा था। 3 मई को न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन को जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि मांझे से घायल एक 5 वर्षीय बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि बच्चा अपनी मां और चाचा के साथ मोटरसाइकिल पर न्यू उस्मानपुर स्थित सीएनजी पंप की ओर जा रहा था, तभी अचानक ऊपर से मांझा उसके गले पर लगा और वह घायल हो गया।

# गर्मी में एयर कंडीशन का रखें खास ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एसी में धमाके का सबसे आम कारण कंप्रेसर के अंदर बहुत ज्यादा प्रेशर बनना है। जब सिस्टम ठीक से काम नहीं करता जैसे ज्यादा गर्म होने, हवा का बहाव रुकने या अंदरूनी खराबी की वजह से तो यूनिट के अंदर का प्रेशर खतरनाक लेवल तक बढ़ सकता है। अगर इस प्रेशर को समय पर बाहर नहीं निकाला जाता, तो इससे धमाका हो सकता है। इसलिए ध्यान रखें कि आउटडोर यूनिट के आसपास हवा का अच्छा फ्लो रहे, धूप/धूल से बचाव करें। जली हुई गंध, स्पार्क, असमान्य आवाज आए तो तुरंत बंद करके तकनीशियन को बुलाएं। लंबे समय तक घर से बाहर हों तो एसी का मेन स्विच/एमसीबी बंद रखें। लगातार 8-10 घंटे ना चलाएं। एसी को 24-26 पर रखें।

आउटडोर यूनिट को ऐसी जगह रखने से ब्लास्ट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, जहां हवा का बहाव ठीक नहीं हो या उसे किसी चीज से ढक दिया जाए।एसी को डायरेक्ट प्लग की जगह कमजोर एक्सटेंशन बोर्ड से चलाने या ढीली वायरिंग होने पर शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है। एसी में गैस लीकेज होने को नजरअंदाज न करें।



गर्मियों में पेजयल प्रबंधन को लेकर रेखा गुप्ता मंत्रियों व अधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर विचार-विमर्श करते हुए।

# गर्मी में आग ने बढ़ाई टेंशन, अस्पतालों व कोर्ट में फायर ऑडिट का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मियां आते ही आग की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी अस्पतालों और अदालत परिसरों में आग से बचाव से संबंधित कार्यों की समीक्षा करने के लिए निर्देश दिए हैं।

विभाग प्रमुख की तरफ से सभी संबंधित अभियंताओं को आग से बचाव कार्यों से संबंधित व्यवस्थाओं के तत्काल निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करने के लिए कहा गया है। लोक निर्माण विभाग दिल्ली सरकार के 34 प्रमुख अस्पतालों और हाई कोर्ट सहित आठ जिला अदालत परिसरों का प्रमुख रूप से रखरखाव करता है। लोक निर्माण विभाग दिल्ली सरकार की विभिन्न विभागों की प्रमुख इमारतें का निर्माण और रखरखाव भी करता है।

इनमें स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पताल, डिस्पेंसरी, मातृ एवं कल्याण केंद्र भी शामिल है। दिल्ली के सभी अदालत परिसर इसी विभाग के पास हैं। जिस तरह से गर्मी शुरू होने के बाद आग की घटनाएं बढ़ रही हैं इसे लेकर लोक निर्माण विभाग में सक्रियता दिखाई है। विभाग प्रमुख की ओर से जारी निर्देश में अस्पतालों का रखरखाव कर रहे सभी अभियंताओं को बिजली की वायरिंग फिटिंग सहित सभी उपकरण जांचने के निर्देश दिए गए हैं। जिनकी वजह से आग की घटनाओं को बढ़ावा मिलता है।

हालांकि विभाग ने इस तरह के निर्देश फरवरी में ही दिए थे मगर अतिरिक्त सतर्कता बढ़ाते हुए विभाग ने फिर से अपने अभियंताओं को इस बारे में जांच कर लेने के लिए कहा है। इसी तरह अदालत परिसरों में भी बिजली की फिटिंग के साथ साथ अन्य उन उपकरणों की व्यवस्था जांच के लिए भी कहा गया है, जहां आग से खतरा रहता है।

## ईरान में फंसे सिखों का मुद्दा उठा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने ईरान में फंसे सिखों का मामला केंद्रीय विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाते हुए उनकी सुरक्षित वापसी के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है। कमेटी के प्रतिनिधियों को मंत्रालय की ओर से जल्द विशेष उड़ान की व्यवस्था का भरोसा दिया गया है।कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों और विशेष मामलों के सलाहकार परमजीत सिंह चंडोक ने विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि तेहरान से सिखों को लेकर आने वाली विशेष उड़ान अपरिहार्य कारणों से रद्द हो गई, जिससे उनकी वापसी में बाधा आई।

# दिल्ली से हज उड़ानों का सिलसिला जारी अब तक 31 उड़ानों से 12,187 हज यात्री मदीना पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज बैतुल्लाह की अदायगी के लिए भारत के 17 विभिन्न शहरों से हज यात्रियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। वहीं उत्तर भारत के सबसे बड़े हज एम्बार्केशन पॉइंट, देश की राजधानी दिल्ली से मुकद्दस सफर-ए-हज के लिए पहले चरण में शहर-ए-रसूल मदीना मुनव्वरा के लिए 18 अप्रैल से शुरू हुई हज उड़ानों का पहला चरण 4 मई की सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से रवाना होने वाली सऊदी अरबिया एयरलाइंस की फ्लाइट नंबर एसवी-5909 की उड़ान के साथ पूरा हो गया। अब हज उड़ानों के दूसरे चरण में 6 मई से जेद्दा के लिए हज उड़ानों का सिलसिला शुरू होगा, जो 20 मई को आखिरी हज उड़ान की रवानगी तक जारी रहेगा। इस दौरान 18 अप्रैल से 4 मई तक 31 उड़ानों के जरिए 12,187 हज यात्री मदीना मुनव्वरा पहुंच चुके हैं, जिनमें 6,226 पुरुष



और 5,661 महिला यात्री शामिल हैं। मदीना में आठ दिनों के प्रवास के बाद मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना होने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है।

## इनहेलर के लगातार इस्तेमाल से हड्डियां कमजोर होने का दावा

**नई दिल्ली।** अस्थमा के इलाज में इस्तेमाल होने वाले इनहेलर जहां मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होते हैं, वहीं एक नए शोध ने इनके लंबे उपयोग को लेकर उनकी चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका की जान हापकिन्स यूनिवर्सिटी और एम्स के विशेषज्ञों के संयुक्त अध्ययन में सामने आए हैं कि स्टेराइड युक्त इनहेलर हड्डियों को कमजोर करते हैं और रीढ़ से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ा सकते हैं। एम्स के आर्थोपेडिक विभाग के प्रोफेसर डा. भावुक गर्ग के अनुसार, शोध में मार्च 2006 से मार्च के बीच रीढ़ की सर्जरी कराने वाले मरीजों का विश्लेषण किया।

# एमसीडी आयुक्त ने किया सिविल लाइंस जोन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने आज सिविल लाइंस जोन के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी मानसून के लिए तैयारियों का आकलन किया। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री, जोन के उपायुक्त श्री शशि प्रताप सिंह, प्रमुख अभियंता, पी.सी. मीणा, मुख्य अभियंता सुरेंद्र सिंह सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तिमारपुर स्थित बी.डी. एस्टेट में मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से कार्य की समयसीमा एवं क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की।

समय पर कार्य पूर्ण करने के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए, लेकिन गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी स्तरों पर उचित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा हो और स्थानीय निवासियों को न्यूनतम असुविधा हो।

## बीएसएफ जवान की हिरासत में मौत पर दो अफसर निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीएसएफ के कांस्टेबल जसविंदर सिंह की हिरासत में मौत के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें जांच अफसर व एक सहायक निदेशक शामल हैं।

उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी घटना का संज्ञान लेकर रिपोर्ट तलब की है। इस मामले की सुनवाई पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी जारी है। सिंह को एनसीबी ने जम्मू से गिरफ्तार किया था। एक मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में उन्हें अमृतसर ले जाया जा रहा था।



दिल्ली सचिवालय में गुजरात व महाराष्ट्र दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते कलकाकार।

# गुजरात व महाराष्ट्र दिवस के परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सचिवालय में गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस के परिप्रेक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनायें दीं।

कपिल मिश्रा ने कहा कि गुजरात एवं महाराष्ट्र के लोगों का देश और दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सचिवालय में महाराष्ट्र के लोक नृत्य लावणी, लेजिम, कोली और गुजरात के डांडिया रास, गरबा एवं टिप्पनी की मनमोहक प्रस्तुति हुई। दर्शकों ने श्रृंगार, प्रेम, भक्ति और सामा. जिक मुद्दों के नृत्य के जरिये प्रदर्शन को खूब सराहा। करीब 25 कलाकारों ने मां दुर्गा की स्तुति और भगवान गणेश की वंदना, नृत्य के जरिये की। कपिल मिश्रा ने कहा कि गुजरात सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि के साथ ही आर्थिक, औद्योगिक, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में भी देश के विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। यह राज्य भारत की आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाता है।

# बीस लाख के बिजली मीटर अपडेट घोटाले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने बीस लाख के बिजली मीटर अपडेट घोटाले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल एक मोबाइल बरामद किया है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि 8 मार्च को एक शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट की कि बीएसइएस के अधिकारियों का रूप धरकर ठगों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। पीड़ित को शुरू में उनके बिजली मीटर को अपडेट करने के बहाने फोन पे के माध्यम से 13/- का मामूली भुगतान करने के लिए फुसलाया गया था। इसके बाद, उसके मोबाइल डिवाइस से छेड़छाड़ की गई, जिसके परिणामस्वरूप कई अनाधिकृत और बड़ी रकम के लेनदेन हुए।

इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान टीम ने आरोपी शिव कुमार और अंशु कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस द्वारा सह-आरोपी अंशु कुमार के खुलासे पर कार्रवाई करते हुए, एसआई अनुज तोमर के नेतृत्व में टीम ने गाजीपुर से आरोपी धन्नंजय गोंड ((30) को उसके घर से पकड़ लिया।पुलिस को उसके पास से एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें वह नंबर था जिसका इस्तेमाल सह-आरोपियों से बातचीत करने के लिए किया जाता था।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी धनंजय गोंड ने बताया कि उसने सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) आईडी और पासवर्ड का इंतजाम करके साइबर धोखाधड़ी को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई। उसने ये क्रेडेंशियल सह-आरोपी अंशु कुमार से लिए और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अपने एक और साथी, महेश बाबू को भेज दिया।

# एसओएल छात्रों ने कक्षाओं के संचालन को लेकर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के छात्रों ने सोमवार को कक्षाओं के संचालन न होने, पाठ्यक्रम अधूरा होने को लेकर डीयू कुलपति कार्यालय में ज्ञापन दिया। छात्रों ने क्रांतिकारी युवा संगठन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन भी किया। छात्रों की मांग है कि जब पाठ्यक्रम अभी पूरा नहीं पढ़ाया गया है तो अगले माह परीक्षा क्यों आयोजित की जा रही है। हालांकि एसओएल प्रशासन ने इस आरोप को सिरे से नकार दिया है।संगठन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि एसओएल के बीए प्रोग्राम और बीए-बीकॉम ऑनर्स जैसे कई पाठ्यक्रमों की कक्षाएं या तो हो चुकी हैं, या फिर अगले सप्ताह ही समाप्त होने वाली हैं। चूंकि इस सेमेस्टर में भी सिर्फ 10ख्15 कक्षाएं ही छात्रों को दी जा रही थीं, इसलिए इतनी कम कक्षाओं में छात्रों का सिलेबस पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में एसओएल प्रशासन बिना सिलेबस पूरा किए ही कक्षाएं समाप्त कर रहा है। इससे छात्रों की परीक्षा की तैयारी भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है, जिससे बड़ी संख्या में छात्रों के फेल होने का खतरा बना हुआ है।

# विवेक विहार अग्निकांड में बिजली कटने से जाम हुई सेंट्रल लॉकिंग

**एम.ए. अरमान**

**नई दिल्ली।** विवेक विहार इलाके में चार मंजिला इमारत में भीषण आग से नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें पांच लोग एक ही परिवार के थे। आग का कारण एसी में विस्फोट को बताया जा रहा है। यह दर्दनाक हादसा रविवार तड़के 3:48 बजे हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस, आपदा प्रबंधन की टीमों और दमकल की 14 गाड़ियों ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बचावकर्मियों ने 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया, जबकि छह लोग झुलस गए, जिनमें एक की हालत नाजुक है। दो बेटियों ने दूसरी मंजिल से कूदकर जान बचाई। मृतकों में चार महिलाएं और डेढ़ साल का एक मासूम भी है। शाहदरा पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया, विवेक विहार फेस-1 के बी-13 नंबर स्थित चार मंजिला इमारत में आठ फ्लैट हैं। इनमें अलग-अलग परिवार रहते हैं। प्रथम दृष्ट्या आग की शुरुआत पीछे बने दूसरी मंजिल के एक फ्लैट से हुई। इस फ्लैट में नवीन जैन, पत्नी शिखा, दो बेटियों रक्षिता उर्फ परी और प्रियल के साथ रहते थे।

कुछ दिनों से शिखा की बुजुर्ग मां दर्शना व पिता अरुण जैन भी इलाज के लिए आए हुए हैं। आशंका है कि आग इनके फ्लैट में एसी ब्लास्ट के बाद लगी। इमारत में धुआं फैला, तो अफरातफरी मच गई। आग ने तेजी से ऊपर के फ्लैटों को भी चपेट में ले लिया। दमकलकर्मियों ने बताया, इमारत में पीछे के चार फ्लैटों में आग की तीव्रता अधिक थी। नौ शव बरामद कर पुलिस को सौंपे गए हैं। विवेक विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

क्राइम और फोरेंसिक टीमों ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आग लगते ही शिखा और नवीन ने परिवार के सदस्यों को निकालना शुरू किया। पहले पिता को निकाला। दोनों बेटियां व शिखा की मां दर्शना फंस गईं। नवीन ने दोनों बेटियों को दूसरी मंजिल से कूदने के लिए कहा। नीचे पहले ही गद्दे डाल दिए थे। दोनों बेटियां गद्दों पर कूद गईं, जिससे उनकी जान बच गई। इस बीच, शिखा मां को बचाने लगीं। मां को निकालने में वह कामयाब हो गई, पर खुद फंस गई और उनकी मौत हो गई। नवीन भी झुलस गए आपदा प्रबंधन टीम के एक सदस्य ने बताया, ऊपरी मंजिल पर तीन लोगों ने खुद को बचाने की को. शिश की, पर छत की ओर जाने वाला दरवाजा सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम से बंद होने के कारण वे निकल नहीं सके।

इन तीन लोगों में मां और बेटे के शव छत की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर एक-दूसरे को पकड़े हुए मिले। पूरी इमारत में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम, इमारत के पिछले हिस्से में लगी लोहे की ग्रिल और एक ही सीढ़ी का होना घातक साबित हुआ।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा सं0-1199, ग्राम-नूरनगर, गाजियाबाद के कुल क्षेत्रफल 1369.00 वर्ग मी० भूमि पर मै. एम. के. फिलिंग स्टेशन अधिकृत हस्ताक्षरी श्री पवन त्यागी व अन्य द्वारा पैट्रोल पम्प ऑनलाईन मानचित्र सं०-GDA/BP/25-26/1496 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद जोनल डवलपमेन्ट प्लान-2021 के अनुसार खसरा सं0-1199, ग्राम-नूरनगर, गाजियाबाद का भू-उपयोग 24.00 मी. चौड़े जोनल मार्ग के मार्गाधिकार की भूमि छोड़ने के उपरान्त "आवासीय" भू-उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित है। उक्त "आवासीय" भू-उपयोग में मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 में निहित जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानों के अनुसार पैट्रोल पम्प क्रिया अनुमन्य है। जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधानों के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन्स में मूल क्रिया से इतर क्रिया अनुमन्य किये जाने पर दो दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। अतः उपरोक्त के क्रम में कोई आपत्ति/सुझाव देना है तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव दो प्रतियों में मुख्य नगर नियोजक एवं जन सम्पर्क कार्यालय गा. वि.प्रा. में इस सूचना के प्रकाशन की दिनाँक से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं। केवल निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव हो सकेगा।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप :9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

# ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## 500 ग्राम विदेशी गांजा बरामद, छात्रों को करते थे टारगेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक संगठित रैकेट का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 500 ग्राम विदेशी मादक पदार्थ (ओजी), जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7-8 लाख रुपये बताई जा रही है, बरामद किया है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि रविवार रात को दोनों तस्करो को बीट पुलिसिंग और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शिवम कुंवर (26) निवासी सेक्टर-1, कौशांबी, गाजियाबाद और नितिन चौहान



(25) निवासी दुर्गा विहार कॉलोनी, सदरपुर, सेक्टर-45, नोएडा के रूप में हुई है। दोनों को सेक्टर-94 स्थित पुश्ता रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

**पीजी हॉस्टल के छात्र थे टारगेट:** जांच में सामने आया है कि आरोपी नोएडा में उच्च गुणवत्ता वाले विदेशी गांजे (ओजी) की सप्लाई का संगठित नेटवर्क चला रहे थे। वे इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ड्रग्स को छोटे-छोटे पैकेट में तौलकर पारदर्शी पाउच और लिफाफों में पैक करते थे।

इसके बाद इन पैकेट्स की सप्लाई मुख्य रूप से पीजी, हॉस्टल और शैक्षणिक संस्थानों में रहने वाले छात्रों और युवाओं को की जाती थी।

**ये सामान हुआ बरामद:** पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 ग्राम ओजी, दो मोबाइल फोन, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही एक होंडा सिटी कार (डीएल13सीसी3727) और पैकिंग के लिए उपयोग में लाई जा रही पॉलिथीन व लिफाफे बरामद किए हैं। इस मामले में थाना सेक्टर-126 में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पार्किंग के विवाद में भाई-बहन से मारपीट

**नोएडा।** कोतवाली फेज-टू क्षेत्र में रविवार की सुबह बाइक पार्क करने के विवाद में भाई-बहन के साथ मारपीट का आरोप है। इस मामले में पड़ोसी दंपती समेत तीन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सेक्टर-87 स्थित रवि एनक्लेव निवासी सुष्मिता ने पुलिस से शिकायत की है कि तीन मई को भाई मुनेंद्र प्रताप सिंह ने पार्किंग में बाइक खड़ी की। इसी को लेकर राजवीर और उसकी पत्नी झगड़ने लगे। कुछ देर बाद मुनेंद्र के साथ उन्होंने मारपीट भी शुरू कर दी। शिकायतकर्ता बीच-बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और अन्य लोगों को बुला लिया। एसीपी दीक्षा सिंह का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच की जा रही है।

## ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, महिला समेत तीन की मौत; गाड़ी के उड़े परखच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित दादरी के ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है।

यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार कार पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही दादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच



कर रही है।

ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं। यह मार्ग दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है। पुलिस ने बताया कि कार सवार लोग कहीं जा रहे थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## जन्मदिन पार्टी में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने देवटा गांव में जन्मदिन पार्टी में युवक पर फायरिंग करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। देवटा गांव के जगतपाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके बेटे मयंक का शनिवार रात जन्मदिन था। परिवार और परिचित लोग घर पर मौजूद थे। इसी दौरान हापुड़ निवासी अरुण नागर अपने तीन अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया। कुछ ही देर में कहासुनी के बाद आरोपी पक्ष ने जन्मदिन समारोह में फायरिंग कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

# तीन मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**■ फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर चार बी ब्लाक स्थित तीन मंजिला भवन में सोमवार को आग लग गई। आग ने ऊपरी दो तलों को चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची टीम ने आग को बुझाया, अन्दर भरे धुंए को शीशे तोड़कर बाहर निकाला। गनीमत रही कि भूतल और प्रथम तल पर चलने वाली कोचिंग बंद थी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे सेक्टर चार बी ब्लाक के एक



भवन में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल फायर स्टेशन प्रथम से तत्काल फायर टेंडर रवाना की गई।आग की स्थिति को देखते हुए अन्य स्टेशन से भी गाड़ी मंगायी गई। घटनास्थल पहुंचकर देखा की आग भवन के द्वितीय तल पर थी।

**कोई जनहानि नहीं हुई:** ज्यादा धुंआ होने के कारण साँस लेना संभव नहीं था। कुछ दिखायी भी नहीं दे रहा था। जिसके उपरांत फायर सर्विस यूनिट द्वारा बहादुरी के साथ ब्रीथिंग अप्रेटस का उपयोग करते हुए खिड़की के शीशे तोड़ते हुए वेंटिलेशन की व्यवस्था की।

एमएफई से पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। भवन स्वामी द्वारा अवगत कराया गया की वर्तमान में द्वितीय व त्रतीय तल को उपयोग में नहीं लिया जा रहा था। केवल भूतल एवम प्रथम तल को कोचिंग हेतु उपयोग किया जा रहा है । कोई जनहानि नही है और न ही कोई अंदर फंसा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना सामने आया है।

## एक नजर

### चार डीसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सोमवार को चार डीसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। नोएडा जोन के डीसीपी साद मियां खान अब डीसीपी नारकोटिक्स और एफआरआरओ का कार्य भी देखेंगे। डीसीपी मुख्यालय रवि शंकर निम डीसीपी लाइन का भी कार्य देखेंगे। शैलेंद्र कुमार सिंह डीसीपी सेंट्रल नोएडा के साथ-साथ डीसीपी साइबर क्राइम का काम देखेंगे। अस्वस्थ होने के कारण अवक. ाश पर गई शैव्या गोयल के लौटते ही उन्हें डीसीपी महिला सुरक्षा और डीसीपी साइबर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनको एडिशनल डीसीपी अभिसूचना एवं सुरक्षा व कानून एवं व्यवस्था का भी जिम्मा मिला है।

### ग्रेटर नोएडा की यूनिवर्सिटी में लड़कियों ने कर दी छात्रा की रैगिंग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा से रैगिंग का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दादरी थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी में कुछ छात्राओं पर एक अन्य छात्रा के साथ रैगिंग करने का आरोप लगा है. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ छात्राएं पीड़ित छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करती दिखाई दे रही हैं। साथ ही वे उसके बाल खींचते हुए और थप्पड़ मारते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था व अनुशासन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### इंतजार खत्म, शिक्षामित्रों को आज मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के साथ अब उन्हें सम्मानित किया जाएगा। नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज में मंगलवार को जनपद के चारों ब्लॉक के 500 से अधिक शिक्षकों को बढ़ी हुई सैलरी का चेक दिया जाएगा। जनपद के सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि 18,000 प्रतिमाह मानदेय के साथ शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। शिक्षामित्रों को पहचान और संबल देने का प्रयास होगा। शिक्षामित्रों को अप्रैल से ही बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलना शुरू हो चुका है और अब पांच मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी औपचारिक शुरुआत गोरखपुर से करेंगे। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए लिया गया यह निर्णय लागू हो चुका है। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ नोएडा विधायक पंकज सिंह शामिल होंगे। शिक्षामित्रों ने बताया कि वे लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जिसे अब सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने 8 हजार रुपये की बढ़ोतरी से समस्याएं कम होंगी। शिक्षामित्रों ने बताया कि इस वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और परिवार का भरण-पोषण आसान हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि समायोजन निरस्त होने के बाद से शिक्षामित्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित और निराश थे, लेकिन मानदेय वृद्धि के इस फैसले से उनके चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है।

### महिला की हत्या के आरोपी पति व सास गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर में महिला की दहेज हत्या के आरोपी पति व सास को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर के सगीर ने पुलिस को बताया था कि उनकी भतीजी सोफिया का निकाह 25 दिसंबर 2021 को मेहंदीपुर निवासी समीर के साथ हुआ था। कुछ समय बाद ही उसके पति, सास, ससुर, ननद व अन्य दहेज में कार व अतिरिक्त रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने गे। उनका आरोप है कि 19 अप्रैल को भी भतीजी से दहेज के लिए मारपीट की गई और फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। महिला के ससुर सरफराज को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है।

## सीरीज के 75 फीसदी नंबर 19 दिन में ही बुक हो गए

**नोएडा।** निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफक्यू के नंबर तेजी से बुक हो रहे हैं। सीरीज के 75 फीसदी नंबर लगभग 19 दिन में ही बुक हो गए। सीरीज के ढाई हजार से भी कम नंबर बचे हैं, जिसके बाद नई सीरीज यूपी16एफआर जारी होगी। परिवहन विभाग के अनुसार नई सीरीज 15 मई के आसपास जारी हो जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार जो वाहन मालिक नई गाड़ी खरीदने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी गाड़ी को नई सीरीज के नंबरों के पंजीकरण का मौका मिल सकेगा। परिवहन विभाग के अनुसार वर्तमान में चल रही यूपी16एफक्यू के आकर्षक और अति आकर्षक नंबर पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर बुक हो रहे हैं।

इन नंबरों को वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर बुक कर सकते हैं। सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबरों को भी बुक करने का मौका है। इन नंबरों को वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर खुद से यूजर आईडी और पासवर्ड बनाकर बुक कर सकते हैं। इसमें दो पहिया वाहन के सामान्य पसंदीदा नंबर के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के नंबर के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है। प्रत्येक सीरीज में आकर्षक और अति आकर्षक से अधिक सामान्य पसंदीदा नंबरों की बुकिंग होती हैं।

## सिरसा-खेरली मार्ग की चौड़ाई बढ़ेगी

**नोएडा।** शहर के सिरसा गोलचक्कर से खेरली नहर तिराहे तक की सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर तीन लेन करने का काम तेज कर दिया गया है। इस काम को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इससे दनकौर-सिकंद्राबाद मार्ग पर पहुं. चना आसान हो जाएगा। साथ ही, जाम की समस्या से राहत मिल जाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डिवाइडर बनाए जाने की योजना है, ताकि लोग गलत दिशा में वाहन न चला सकें। सिरसा से खेरली नहर के पास दनकौर-सिकंद्राबाद मार्ग को जोड़ने वाली इस सड़क पर सुबह से लेकर रात तक वाहनों की आवाजाही लरहती है।

# एक-दूसरे का हाथ पकड़कर तीसरी मंजिल से कूदे गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक युवक और युवती तीसरी मंजिल से कूद गए। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती की हालत गंभीर है। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना रविवार देर रात की है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह पांच के आसपास उनको सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि मेरठ के उल्देपुर निवासी पुनीत उम्र 35 साल और कुमारी विद्या दास 20 साल ने सुसाइड करने की नियत से तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए पुलिस ने नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर डॉक्टरों ने पुनीत को मृत घोषित कर दिया।

**रात में युवक से मिलने आई थी युवती:** प्राथमिक जांच में सामने आया कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। बताया गया कि युवक चौड़ा गांव में किराए के मकान में रहता था। जबकि युवती नवादा गांव में रहती थी। युवक एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। युवती युवक से मिलने के लिए रात के समय उसके घर आई थी। दोनों पूरी रात साथ रहे और सुबह को यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

**निजी कंपनी में करता था काम:** युवक एक निजी कंपनी में काम करता था। दोनों काफी दिनों से एक दूसरे को जानते है। युवक चौड़ा गांव में किराए के मकान रहता है। दोनों के बीच ऐसा क्या हुआ कि दोनों ने ही एक साथ छत से कूद गए। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 10 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित डीबीटी से खातों में भेजी जाएगी क्षतिपूर्ति राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** शासन के निर्देशों के क्रम में खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति वितरण हेतु आज विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा की गई।

कार्यक्रम में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा जनपद में खरीफ 2025 में बीमित कृषकों की फसलों के लिए कुल 24,17,982



रुपये की क्षतिपूर्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 10 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

चेक प्राप्त करने वाले कृषकों में दयानंद शर्मा (ग्राम फजायलपुर) 25,838.91 रुपये, सतीश (ग्राम फजायलपुर) 25,838.91 रुपये, अलीमुद्दीन (ग्राम दौलराजपुर) 25,033.76 रुपये, जयपाल शर्मा (ग्राम मचक मडैया) 23,434.06 रुपये, कृपाल सिंह (ग्राम शाहपुर खुर्द) 20,986. 98 रुपये, जगवीर सिंह भाटी (ग्राम दौलराजपुर) 19,363.82 रुपये, लखन (ग्राम शाहपुर खुर्द) 18,279.16 रुपये, शगीर अहमद (ग्राम दौलराजपुर) 16,734.38 रुपये, अजयपाल सिंह (ग्राम दौलराजपुर) 16,478.00 रुपये, फिरेराम (ग्राम शाहपुर खुर्द) 14,938.10 रुपये तथा संतोषी (ग्राम बिसाहड़ा) 15,712.52 रुपये शामिल रहे।

## जिले की 20 हजार से अधिक गाड़ियों के काम रोके

**नोएडा।** जिले की 20 हजार से अधिक व्यावसायिक गाड़ियों के वाहन संबंधी काम परिवहन विभाग ने रोक दिए । रोड टैक्स बकाया होने के कारण यह काम रोके गए। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे वाहन मालिक हैं, जो एक मुश्त रोड टैक्स को किस्तों में जमा करने की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं।

सोमवार को परिवहन विभाग पहुंचे जमील ने कहा कि उनकी टैक्सी पर बैंक का ऋण हाल ही में खत्म हुआ है। पंजीकरण प्रमाणपत्र से ऋण को हटवाने परिवहन विभाग पहुंचे थे, लेकिन उनका यह काम नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वे तिमाही रोड टैक्स जमा करते हैं। इस बार एक मुश्त रोड टैक्स जमा करने की उनकी योजना है। इंतजार कर रहे हैं कि इसे दो से तीन किस्तों में जमा करने की सुविधा मिल जाए। उन्होंने कहा कि रोड टैक्स जमा करने के बाद ही प्रक्रिया को करने की जानकारी देते हुए लौटा दिया गया।

**वाहन मालिकों की परेशानियाँ:** वहीं, पंकज ने कहा कि रोड टैक्स जमा किए बिना वाहन संबंधी कोई भी काम गाड़ियों का नहीं हो रहा। यह स्थिति तब है जब वाहन मालिक वक्त पर टैक्स जमा करते हैं और इस बार एक मुश्त टैक्स जमा करने में किस्तों की सुविधा लागू होने का वे इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में टैक्स जमा करने में उन्हें विलंब हो रहा है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि एक मुश्त रोड टैक्स तिमाही और सालाना जमा होने वाले टैक्स से काफी कम है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मारी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से अलीगढ़ में खैर के रहने वाले राजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा श्रीओम 26 अप्रैल को अलीगढ़ से बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद जा रहा था। वह यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल श्रीओम को एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया।

अस्पताल में उपचार के दौरान दो मई को श्रीओम की मौत हो गई। राजेंद्र सिंह ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सेक्टर बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक सप्ताह से लापता किसान का शव खुर्जा नहर में मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पाली गांव से पांच दिन पहले संदिग्ध हालात में घर से लापता किसान का शव बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र की एक नहर से बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूरजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पाली गांव में 55 वर्षीय किसान कृष्ण कुमार परिवार के साथ रहते थे। कृष्ण कुमार 29 अप्रैल को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने इस मामले में 30 अप्रैल को सूरजपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने गुमशुदा की तलाश शुरू की तो वह 29 अप्रैल की शाम के समय सीसीटीवी फुटेज में दादरी तिराहे पर अकेले जाते दिखाई दिए थे।

इसके बाद लाल कुआं गाजियाबाद में बस से उतरते दिखाई दिए। इसके बाद एक मई को गुमशुदा कृष्ण कुमार का थाना खुर्जा देहात जिला बुलंदशहर क्षेत्र में एक नहर से शव बरामद हुआ। खुर्जा पुलिस ने सूरजपुर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों का आरोप है कि कृष्ण की हत्या कर शव नहर में फेंका गया। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मृतक की किसी भी व्यक्ति से दुश्मनी या रंजिश होने की बात अब तक सामने नहीं आई।

# 81 स्थानों पर लगेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्राधिकरण पहले चरण में 81 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए जल्द टेंडर जारी करेगा। दूसरे चरण में बाकी जगह स्टेशन बनाए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ईवी चार्जिंग स्टेशन सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही ओपन टेंडर जारी किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए एक ही कंपनी को चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने और संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे कार्य में एकरूपता और बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने की योजना है।कुछ साल पहले नोएडा प्राधिकरण ने एनर्जी



एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर 54 स्थानों पर 162 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए थे।

हालांकि, इनमें से केवल 69 ही चालू हो पाए और वर्तमान में अधिकांश चार्जिंग स्टेशन संचा. लित नहीं हैं। इस वजह से प्राधिकरण ने इस बार खुद टेंडर जारी करने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन बढ़ने से इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी। आने वाले समय में इस परियोजना को और विस्तारित करने की योजना भी बनाई जा रही है। परियोजना पूरी हाने पर शहर एक ग्रीन और सस्टेनेबल सिटी के रूप में पहचान बनाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

